पासिंग आउट परेड | कर्नल संदीप शर्मा कमांडेंट ने परेड का किया निरीक्षण, अग्निवीरों ने 24 सप्ताह का कठोर, अनुशासित प्रशिक्षण किया पूरा

# 2051 अग्निवीरों ने राष्ट्र सेवा के लिए बढ़ाया कदम





**नवभारत,जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वाधान में 1 सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर के गौरी शंकर परेड ग्राउंड में अग्निवीरों के 8 वें बैच की पासिंग आउट परेड का भव्य एवं सैन्य गरिमा के अनुरूप आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कुल 251 अग्निवीर प्रशिक्षुओं ने 24 सप्ताह का कठोर, अनुशासित एवं गहन प्रशिक्षण सफ लतापूर्वक पूर्ण किया। जो उनके भारतीय सेना के आत्मविश्वासी , सक्षम एवं प्रशिक्षित सैनिकों के रूप में रूपांतरण का प्रतीक है। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद अब ये अग्निवीर देश की सुरक्षा एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए उत्तरी पूर्वी एवं पश्चिमी सीमाओं पर तैनात अपनी,अपनी इकाइयों में प्रस्थान करेंगे, जहाँ वे चुनौतीपूर्ण एवं कठिन परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

कर्नल संदीप शर्मा कमांडेंट 1 सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर ने समीक्षा अधिकारी के रूप में परेड का निरीक्षण किया। अपने संबोधन में उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान अग्निवीरों द्वारा प्रदर्शित अटूट समर्पण, धैर्य एवं दृढ़ता की सराहना की। उन्होंने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर सभी अग्निवीरों को बधाई देते हुए उन्हें राष्ट्र सेवा के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय व्यावसायिक उत्कृष्टता, सत्यनिष्ठा एवं उच्च सैन्य मूल्यों को सदैव बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये युवा सैनिक भारतीय सेना की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्र की सुरक्षा एवं सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। गौरवपूर्ण अवसर के साक्षी बने माता-पिता जानकारी के अनुसार अग्निवीरों के माता,पिता भी इस गौरवपूर्ण अवसर के साक्षी बने। उन्होंने अपने उन वीर पुत्रों को देखा जिन्होंने कठोर एवं व्यापक सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए शारीरिक दक्षता तथा सामरिक कौशल में उत्कृष्ट प्रवीणता हासिल की है। इसके अतिरिक्त परेड में बड़ी संख्या में सैन्य अधिकारी, जूनियर कमीशंड अधिकारी, सैनिक तथा विभिन्न रेजिमेंटल प्रशिक्षण केंद्रों के प्रशिक्षु भी उपस्थित रहे।

### भारत माता की जय के नारों ने भरा जोश

कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट 1 सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर ने अग्निवीरों एवं सभी रैंकों को संबोधित करते हुए उन्हें सदैव तिरंगे के प्रति ली गई अपनी शपथ को स्मरण रखने तथा रेजिमेंट एवं राष्ट्र की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। परेड ग्राउंड में गूंजते उनकी.अपनी रेजिमेंटों के युद्धघोष तथा भारत माता की जय के जोशीले नारों ने अग्निवीरों के उत्साह और मनोबल को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया। अग्निवीरों के चेहरों पर झलकता गर्व, संतोष और आत्मविश्वास उपस्थित दर्शकों के मन में यह विश्वास उत्पन्न कर रहा था कि राष्ट्र की सुरक्षा सशक्त एवं सक्षम हाथों में है।

## लाइन कर्मियों को बरसाती और सुरक्षा उपकरण देने की मांग

**नवभारत, जबलपुर।** विद्युत लाइन कर्मियों को बरसाती और सुरक्षा उपकरण देने की मांग मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ ने की है। इस संबंध में संघ के हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी दिनों में लगातार बारिश और तेज हवाओं के कारण पोल, विद्युत लाइनें एवं पेड़ की शाखाएं गिरने की संभावना रहती है। इनके सुधार कार्य के लिए लाइन कर्मियों को करंट के बीच जोखिमपूर्ण काम करना पड़ता है, जिसके लिए उन्हें बरसाती और सुरक्षा उपकरणों की बेहद जरूरत होती है। संघ के शंभू नाथ सिंह, राम केवल यादव, बीपी सिंह, वैदेही शरण चतुर्वेदी, अजय मिश्रा, मोहन दुबे, अजय कश्यप, राजकुमार सैनी, विनोद दास, लखन सिंह राजपूत और दशरथ शर्मा आदि ने बिजली कंपनी के प्रबंध संचालकों से मांग की है कि सभी नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मियों को जल्द से जल्द बरसाती व सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं।

# परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतियोगियों से संवाद

निगमायुक्त ने औचक निरीक्षण में दिखाई सक्रियता



**नवभारत,जबलपुर।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने सोमवार को अचानक गीत भवन स्थित लाइब्रेरी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लाइब्रेरी की समूची व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद कर उनका हौसला बढ़ाया। निगमायुक्त को अपने बीच पाकर युवा प्रतियोगी बेहद उत्साहित नजर आए।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने लाइब्रेरी की बैठक व्यवस्था, प्रकाश, पेयजल, और शांतिपूर्ण माहौल का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने वहां विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, एमपीपीएससी, बैंकिंग, पुलिस व अन्य सिविल सेवाएं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के पास जाकर उनसे चर्चा की। निगमायुक्त ने युवाओं से पूछा कि उन्हें पढ़ाई के लिए कैसा माहौल मिल रहा है और क्या उन्हें किसी संसाधन या किताबों की कमी तो महसूस नहीं हो रही है।

### युवाओं को किया प्रेरित

चर्चा के दौरान निगमायुक्त ने स्वयं एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हुए छात्र-छात्राओं से उनकी तैयारियों के विषयों, टाइम मैनेजमेंट और अध्ययन के तरीकों पर भी बात की। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि एकाग्रता और निरंतरता ही सफलता की कुंजी है। नगर निगम का यह प्रयास है कि शहर के युवाओं को उनके करियर को संवारने के लिए एक आदर्श और सर्वसुविधायुक्त माहौल मिले। इस दौरान निगमायुक्त ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी लाइब्रेरी की व्यवस्थाएं इसी तरह चाक-चौबंद रहनी चाहिए। युवाओं को पढ़ाई में किसी भी तरह की तकनीकी या बुनियादी समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

## एक नजर में



### राष्ट्रपति का ब्रह्माकुमारीज परिवार ने किया अभिनंदन

**नवभारत,जबलपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी विनीता दीदी ने सर्किट हाउस क्रमांक- 1 में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज परिवार के सदस्यों ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके सफल एवं प्रेरणादायी नेतृत्व के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमारी भावना दीदी (सेवाकेंद्र प्रभारी, नेपियर टाउन), ब्रह्माकुमारी आरती दीदी, ब्रह्माकुमारी मधु दीदी, ब्रह्माकुमारी बाला दीदी, ब्रह्माकुमारी श्वेता दीदी, ब्रह्माकुमारी वर्षा दीदी, बहन शोभा मालवीय जी, भ्राता डॉ. एस. के. पाण्डेय जी, भ्राता विजय तिवारी जी, भ्राता पवन पाण्डेय जी, विकाश भाई तथा भ्राता लेफ्टिनेंट कर्नल विकास राव चौहान जी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। महामहिम राष्ट्रपति के आगमन को जबलपुर के लिए गौरवपूर्ण अवसर बताते हुए ब्रह्माकुमारीज परिवार ने उनके उज्ज्वल स्वास्थ्य एवं राष्ट्र की निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं।



### तीन दिवसीय नि :शुल्क योग शिविर का समापन

**नवभारत,जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री गुजराती मंडल, महिला मंडल एवं श्री गुजराती मंडल चैरिटेबल क्लीनिक के संयुक्त तत्वावधान में मढ़ाताल स्थित श्री गुजराती मंडल परिसर में आयोजित तीन दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का रविवार को समापन हुआ। 19 से 21 जून तक प्रतिदिन आयोजित इस शिविर में 6 से अधिक प्रतिभागियों ने योग, प्राणायाम, ध्यान और तनाव प्रबंधन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। योग विशेषज्ञ रश्मि शर्मा एवं दीप्ति हल्दकर के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नियमित योगाभ्यास के महत्व की जानकारी दी गई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. हिरजी भाई पलान एवं शरद भाई पलान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य समिति एवं महिला मंडल की ओर से मुख्य अतिथियों सहित योग प्रशिक्षकों रश्मि शर्मा और दीप्ति हल्दकर का शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री गुजराती मंडल के सचिव दिनेश वीरा एवं सह सचिव धनंजय उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में सदस्य और प्रतिभागी मौजूद रहे। योग दिवस के उपलक्ष्य में सभी प्रतिभागियों ने श्वेत वस्त्र धारण कर सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के अंत में स्प्राउट्स एवं अन्य पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। स्वास्थ्य समिति ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



### सशक्त हस्ताक्षर की 49वीं काव्य गोष्ठी आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** साहित्यिक संस्था सशक्त हस्ताक्षर की 49वीं काव्य गोष्ठी नूतन मराठी स्कूल गोलबाजार में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मंजु इंगले द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद संस्थापक गणेश श्रीवास्तव 'प्यासा' ने सभी का स्वागत किया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि अरुण शुक्ल और अध्यक्ष महामहोपाध्याय आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे मौजूद रहे, जबकि सारस्वत अतिथि राजेश पाठक प्रवीण और विशिष्ट अतिथि उर्मिला श्रीवास्तव, दीनदयाल तिवारी 'बेताल', डॉ. विजय तिवारी 'किसलय' और अमरसिंह वर्मा रहे। अतिथियों ने कहा कि कविता मानव मन को आनंद और सकारात्मक ऊर्जा देती है तथा काव्य गोष्ठियाँ बेहतर समाज के निर्माण में सहायक हैं। इस दौरान महेश स्थापक, योगेन्द्र मालवीय, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, दिवाकर शर्मा, आनंद श्रीवास्तव और बच्चन श्रीवास्तव ने स्वागत व अभिनंदन में सहयोग किया।

**साहित्यकारों की रचनाओं से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता**-काव्य गोष्ठी में रचनाकारों ने अपनी बेहतरीन कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें शिवानी भगत, इंजी. हेमंत जैन सिंघई, चंदन श्रीवास्तव, सुवीर श्रीवास्तव 'वीर', कुंजीलाल चक्रवर्ती, विजय बागरी, प्रकाशसिंह ठाकुर, इन्द्रसिंह राजपूत, विजय विश्वकर्मा, मृदुला दीवान 'मृदुल', कौशिक सेनगुप्ता, कविता विश्वकर्मा, प्रभा श्रीवास्तव, लखनलाल रजक, विवेक गुप्ता, आशा मालवीय, मदन श्रीवास्तव, सिद्धेश्वरी सराफ, तरुणा खरे, विजय सिन्हा, कमर इलाहाबादी, प्रीति नामदेव, विवेक शैलार, डॉ. सुरेन्द्रलाल साहू, आरती श्रीवास्तव, निर्मला श्रीवास्तव, रजनी श्रीवास्तव, एम.एल. शर्मा, ज्योति प्यासी और कमलेश नाहटा ने काव्य पाठ किया। संचालन गणेश श्रीवास्तव 'प्यासा' और आभार मदन श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।



## 365 दिन करेंगे योगाभ्यास

**नवभारत,जबलपुर।** 12 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू , राज्यपाल मंगू भाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में गैरीसन ग्राउंड सदर में आयोजित कार्यक्रम में अहिंसा योग फाउंडेशन समिति के सभी साधक शामिल हुए और सभी ने अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया। इस दौरान योगाचार्य नवीन जैन के द्वारा कंचन विहार के सभी साधक दो दिन स्वास्थ्य राष्ट्रीय पर्व के इस कार्यक्रम में शामिल हुए जिस दौरान उन्होंनें 365 दिन योग अभ्यास करने का संकल्प लिया।

# रुस्तम पुरस्कार से अलंकृत हुए नौ पुलिस अधिकारी

'गुंजन कला सदन ने किया सम्मानित



**नवभारत,जबलपुर ।** सजग और वीर पुलिस अधिकारियों के समर्पण और त्याग के कारण समाज में आम नागरिक शांति और चैन की नींद सो पाता है , पुलिस कर्मी वास्तव में समाज के सजग प्रहरी होते हैं । सीमा पर हमारे वीर सैनिकों की भाति देश के भीतर पुलिस की भूमिका उतनी महत्वपूर्ण और अहम होती है आज उनका अभिनंदन कर नगर वासी गौरव का अनुभव कर रहे हैं । तदाशय के सारगर्भित विचार गुंजन कला सदन मध्यप्रदेश द्वारा रुस्तमजी पुरुस्कार से अलकृंत नौ वीर रत्न अधिकारियों का अभिनंदन करते हुए अतिथियों ने व्यक्त किए।

इस कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह, विधायक अजय विश्नोई, अतुलसिंह डी.आई.जी., मनोहर वर्मा पूर्व डी.आई. जी. एवं कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु तिवारी ने जबलपुर और अन्य शहरों में अपनी कर्तव्यनिष्ठता से प्रभावित करने वाले राजेश तिवारी (पूर्व ए. आई.जी.), गोपाल खाण्डेल (पूर्व एडीशनल एस.पी.) भावना मरावी (एडी.एस.पी.रेल्वे ), प्रभात शुक्ल (पूर्व सी. एस. पी.), रवीन्द्र गौतम (पूर्व डी.एस.पी.) राजेंद्र बागारी (पूर्व इंस्पेक्टर ), नरेन्द्र मिश्रा इंस्पेक्टर, जयप्रकाश आर्य (आर. आई.) एवं जय कुमार चौधरी कांस्टेबल को श्रीफल, शाल, माला एवं अभिनंदन पत्र से अभिनंदित किया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष अतिथिगण एवं सनत जैन, लायन नरेन्द्र जैन, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, विनोद यादव ने दीप प्रज्ज्वलन किया। कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु तिवारी ने आभार एवं संचालन प्रतुल श्रीवास्तव एवं राजेश पाठक प्रवीण ने किया ।

# प्रतिभाशाली बच्चों का 360 गोत्रीय खटीक समाज ने किया सम्मान



**नवभारत,जबलपुर।** बलपुर- 36 गोत्रीय खटीक समाज के संयोजन में महाराजा खटवांग के-360 ग्रुप द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें समाज के कक्षा दसवीं, बारहवीं के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान और समाज के वरिष्ठजनों का भी सम्मान किया गया। जबलपुर 36 गोत्रीय खटीक समाज के द्वारा देश व प्रदेश की बोर्ड तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम देने वाले समाज के प्रतिभाशाली मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने तथा समाज में शिक्षा की अलख जाग्रत करते हुए समाज की सामाजिक प्रगति के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस उद्देश्य से समाज के 23 मेधावी छात्र-छात्राओं को मंच पर पुष्प माला, स्मृति-चिन्ह, प्रशस्ति-पत्र, बैग व 1100/- नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

साथ ही समाज के पथ-प्रदर्शक एवं मार्गदर्शक वरिष्ठ जनों का भी इस अवसर पर शाल श्रीफल भेंटकर पुष्प-मालाओं से सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में समाज के समाजसेवी एवं पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया मुख्य अतिथि के रुप में एवं करन सिंह भोजक अध्यक्ष सम्मेलन समिति, राजकुमार भोजक अध्यक्ष सराफा, रमेश सिंह पीपरा अध्यक्ष भानतलैया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के खूबचंद तोमर, चिंतामन ठगेले, डॉ प्रहलाद भोजक, शैलेन्द्र भोजक, व्ही एन एस ठाकुर, डॉ राजेन्द्र पीपरे, डॉ भरत खटीक, जी एस घनघोरिया,चगन लाल पटारिया, रंजीत पचौरी, धर्मेंद्र कुकरेले,योगेश चौधरी उपस्थित रहे।

## प्रमुख सचिव से मिले राष्ट्रीय आयुष मिशन के योग प्रशिक्षक



**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत कार्यरत योग प्रशिक्षक और योग सहायकों के प्रतिनिधिमंडल ने जबलपुर में मध्य प्रदेश आयुष विभाग के प्रमुख सचिव शोभित जैन से सौजन्य भेंट की। वर्तमान में मध्य प्रदेश शासन के आयुष विभाग में प्रमुख सचिव के रूप में कार्यरत शोभित जैन को इस दौरान उन्होंने अपनी विभिन्न समस्याओं, मानदेय और सेवा संबंधी विषयों पर चर्चा करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से अंजली तिवारी, सारिका सेन, रामरतन लोधी, रजनी यादव, रुचि यादव, प्रियंका और नंदनी पटेल शामिल थीं। सभी ने योग प्रशिक्षकों व सहायकों की समस्याओं के समाधान, उन्हें आउटसोर्स से हटाकर सीधे विभाग द्वारा मानदेय देने तथा मानदेय बढ़ाने की मांग को प्रमुखता से रखा। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि शासन स्तर पर उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार होगा, जिससे प्रदेशभर में कार्यरत योग प्रशिक्षकों व सहायकों को लाभ मिलेगा और योग सेवाएं और अधिक मजबूत हो सकेंगी।

## शैलेन्द्र कुमार रावत ने ग्रहण किया पदभार



**जबलपुर, नवभारत।** भारतीय रेल यांत्रिक इंजीनियर्स सेवा के 1991 बैच के वरिष्ठ अधिकारी शैलेन्द्र कुमार रावत ने पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता का कार्यभार ग्रहण किया। श्री रावत ने आईआईटी दिल्ली से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक तथा वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों में एम.टेक की उपाधि प्राप्त की है। लगभग 33 वर्षों के सेवाकाल में उन्होंने दक्षिण पूर्व रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, आरडीएसओ तथा रेल कोच फैक्ट्री, रायबरेली में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए उत्पादन, गुणवत्ता प्रबंधन, अनुसंधान एवं विकास तथा यांत्रिक परिसंपत्तियों के प्रबंधन में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने रेल कोच फैक्ट्री, रायबरेली में मुख्य उत्पादन अभियंता, मुख्य गुणवत्ता प्रबंधक तथा आरडीएसओ में कार्यपालक निदेशक गुणवत्ता आश्वासन यांत्रिक के पद पर सेवायें प्रदान की हैं।

# पत्नी सहित महापौर ने राष्ट्रपति से की आत्मीय भेंट



**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जबलपुर आगमन पर नगर के प्रथम नागरिक महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने अपनी धर्मपत्नी यामिनी सिंह के साथ सर्किट हाउस में आत्मीय सौजन्य भेंट की। उन्होंने जबलपुर की गौरवशाली सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के प्रतीक स्वरूप जीवनदायिनी माँ नर्मदा की पावन पाषाण शिल्प कलाकृति और वीरांगना रानी दुर्गावती की भव्य प्रतिमा सप्रेम भेंट कर सपत्नीक आशीर्वाद लिया।

### विकास कार्यों का दिया लेखा-जोखा

इस विशेष भेंट वार्ता में महापौर ने राष्ट्रपति को बीते साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में जबलपुर में हुए अभूर्वपूर्ण विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट साझा की। उन्होंने नगर निगम द्वारा संचालित जनहितैषी योजनाओं, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स और अधोसंरचना विकास की उपलब्धियों से विस्तार से अवगत कराया, जिसे राष्ट्रपति ने बेहद भाव से सुना और सराहा। इस दौरान स्वच्छता व सेवा कार्यों की बुकलेट्स भी भेंट की गईं।

### महापौर बीजारोपण का आमंत्रण

महापौर ने आगामी 20 दिसंबर को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक 'महापौर बीजारोपण' महा-आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने का स्नेहिल न्यौता राष्ट्रपति कोा दिया। उन्होंने बताया कि इस वृहद जन-आंदोलन और विकास उत्सव में करीब 50 हजार नागरिकों की गरिमामयी भागीदारी होगी। राष्ट्रपति ने इन जनहितैषी प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए सफल कार्यक्रम की शुभकामनाएं दीं।

शहादत पर्व | मुहर्रम की सातवीं तारीख आज

# मदन महल दरगाह में सवारियां हाजिरी और सलामी पेश करेंगी

**नवभारत,जबलपुर।** शहादत के पर्व मुहर्रम की सातवीं तारीख (सफर की रात) मंगलवार को अकीदत और एहतराम के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर नगर एवं उपनगर की विभिन्न सवारियां मदन महल दरगाह पहुंचकर हाजिरी और सलामी पेश करेंगी।

मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी की सदारत में आयोजित कार्यक्रम में सज्जादानशीन सूफ़ी मुबारक कादरी, निजाम कादरी, आफताब कादरी, खलीफा इनायत कादरी, अब्बू बाबा कादरी एवं शराफत कादरी द्वारा सवारियों और मुजावरों का परम्परागत इस्तकबाल किया जाएगा तथा दूध के प्याले पेश किए जाएंगे। दरगाह परिसर में विभिन्न कमेटियों द्वारा जायरीनों के लिए लंगर का भी विशेष इंतजाम किया गया है।



### मार्ग पर होगी आकर्षक सजावट

मुहर्रम की सातवीं तारीख के अवसर पर गढ़ा क्षेत्र के जुलूस मार्ग को नूरानी नौजवान कमेटी, शान लंगर कमेटी, अमन एकता कमेटी, हुसैनी एकता कमेटी, हैदर-ए-लंगर कमेटी, अमर एकता कमेटी, कर्बला लंगर कमेटी एवं गौस-ए-आजम लंगर कमेटी द्वारा भव्य रूप से सजाया गया है। हैदर-ए-लंगर कमेटी द्वारा विगत वर्षों की परम्परा को जारी रखते हुए इस वर्ष भी 31 देग मटर-पनीर पुलाव का लंगर हिंदू-मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए तैयार किया गया है।

**शिया समुदाय :** समुदाय द्वारा जिक्र ए शहादतेन का सिलसिला शुरू हो जाएगा। प्रात: 10 बजे आनंद नगर स्थित दाउद अली के इमामबाड़े में मजलिस होगी। इसी प्रकार दोपहर 2 बजे तैयब अली चौक स्थित मरहूम बाबा जाफरी के इमामबाड़े में मजलिस होगी जिसमें मौलाना साहब अपनी तकरीर बयान करेंगे। तकरीर उपरांत आलम जुलूस निकलेगा जिसमें नगर के शिया बंधु जंजीरों से दर्दनाक मातम करेंगे। जुलूस में सुजाआत रिजवी, फैजान रिजवी, रानू रिजवी, मुर्तजा नकवी, समसुल भाई, काजिम रिजवी, नोहे पेश करेंगे। घंटाघर, बड़ी ओमती, गलगला होते हुए जुलूस शिया इमामबाड़े में पहुंचेंगा जहां जुलूस का समापन होगा। रात्रि 8 बजे इमामबाड़े में मजलिस होगी जिसमें मौलाना जाफ़र रज़ा साहब करबला के बयान करेंगे।

### कर्बला की झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

मुजावर मोहल्ला हुसैनी एकता कमेटी द्वारा कर्बला की आकर्षक झांकी सजाई गई है। वहीं हैदर-ए-लंगर कमेटी के तत्वावधान में भी कर्बला की विशेष झांकी तैयार की गई है, जो अकीदतमंदो के आकर्षण का केंद्र बनेगी।

# ज्योति नगर में आज होगा नूरानी सरकार का शाही संदल

**नवभारत,जबलपुर।** ज्योति नगर गढ़ा स्थित विक्की पहलवान के इमामबाड़े में मंगलवार शाम 7 बजे से हजरत सैय्यद शेरुद्दीन नूरुद्दीन नूरानी शहंशाह वली सरकार का शाही संदल एवं गुलाबपोशी का आयोजन किया जाएगा। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम हिंदू-मुस्लिम कौमी एकता का प्रतीक माना जाता है। आयोजकों के अनुसार हाजी इम्तियाज अली खान की सरपरस्ती में आयोजित कार्यक्रम के बाद लंगर भी वितरित किया जाएगा। मुकेश दुबे, मोनू, सनी, पीयूष सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने अकीदतमंदों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### मुहर्रम की 6 तारीख पर लंगर का आयोजन

जयंती कॉम्प्लेक्स के पास हजरत बाबा फरीद रहमतुल्लाह अलैह दरगाह की जानिब से हर साल की तरह इस बार भी मुहर्रम की 6 तारीख को लंगर का एहतमाम किया गया। यह लंगर पिछले कई वर्षों से लंगर हिन्दू-मुस्लिम कमेटी द्वारा कराया जाता है। सुबह फजर की नमाज के बाद दऊद खानी सलातो सलाम के साथ लंगर का आयोजन हुआ और देश में अमन व खुशहाली की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर खादिम आरिफ बाबा, संयोजक मकसूद अली, अब्दुल शारिक, आमीर ताजी और अफजल आदि उपस्थित रहे।